BSES

बीएसईएस की सभी सेवाओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम शुरू

पहली ही विजिट में होंगे सारे काम, सिर्फ दो डॉक्यूमेंट जरूरी

- **नेहरू प्लेस मुख्यालय में पायलट प्रोजेक्ट का उद्घाटन**

नई दिल्लीः 23 सितंबर। एक ही जगह और एक ही विजिट में उपभोक्ताओं को तमाम सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बीएसईएस ने एक डिजिटल सिंगल विंडो सिस्टम की शुरूआत की है। डिजीसेवा केंद्र के नाम से शुरू किए गए इस सेंटर पर उपभोक्ताओं को कनेक्शन लेने से लेकर, लोड बढ़वाने–घटाने, नाम–पते में परिवर्तन करवाने और कनेक्शन की श्रेणी में बदलाव करवाने जैसे जटिल माने जाने वाले कार्य पहली ही मीटिंग में निपटा दिए जाएंगे। उन्हें दुबारा विजिट या फॉलोअप करने की जरूरत नहीं। विभिन्न कार्यों के लिए सिर्फ दो डॉक्यूमेंट की जरूरत होगी– एक तो आधार कार्ड और दूसरा उपभोक्ता के नाम उस स्थान/मकान की रजिस्ट्री की कॉपी, बस। इन दो कागजात के आधार पर उपभोक्ताओं के सारे कार्य कर दिए जाएंगे। खास बात यह है कि मौके पर ही डिमांड नोट भी जेनरेट कर दिए जाएंगे।

डिजिसेवा केंद्र पर विजिट करने के लिए उपभोक्ता को बीएसईएस मोबाइल ऐप या वेबसाइट पर लॉगऑन करके अपॉइंट लेना होगा, ताकि पहली ही विजिट में उनके सारे काम सुचारू रूप से और बिना किसी भाग–दौड़ के संपन्न हो जाएं।

पहले डिजिसेवा केंद्र की शुरूआत आज, पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर नेहरू प्लेस मुख्यालय में किया गया। इस केंद्र से नेहरू प्लेस और अलकनंदा डिविजनों के 2 लाख उपभोक्ताओं को फायदा होगा। आने वाले दिनों में दक्षिण, पश्चिम, पूर्व और मध्य दिल्ली के अन्य इलाकों में भी डिजीसेवा केंद्र खोले जाएंगे।

इस केंद्र का उद्घाटन आज माननीय विधायकों श्री मदद लाल, श्री सौरभ भारद्वाज, श्री अवतार सिंह और श्री श्री राम पहलवान ने की। इस अवसर सीईओ श्री अमल सिन्हा के नेतृत्व में बीआरपीएल की टीम भी मौजूद थी।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, डिजिसेवा केंद्र बीएसईएस की डिजिटल सेवाओं का ही विस्तार है, जहां आईटी तकनीक के माध्यम से उपभोक्ताओं को त्वरित व परेशानी–मुक्त सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।